हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 17 मई 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 खुले आसमान के नीचे रात्रि चौपाल खाट पर रात...



09 श्योपुर में सबसे पहले बड़ौदा नगर परिषद ने ...



## खबर संक्षेप

### समग्र आईडी की ई-केवाईसी अनिवार्य

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्र के सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे शीघ्र अपनी समग्र आईडी की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। निगमायुक्त ने विशेष रूप से उन हितग्राहियों से कहा है, जिन्होंने अभी तक अपनी समग्र आईडी का सत्यापन नहीं कराया है। ऐसे सभी पात्र हितग्राहियों से एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी पूर्ण करने का आग्रह किया गया है, अन्यथा उन्हें शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कई लाभार्थी वर्तमान में योजनाओं का लाभ तो ले रहे हैं, लेकिन उनकी समग्र आईडी का सत्यापन लंबित है। शासन द्वारा पारदर्शिता सुनिश्चित करने और योजनाओं का लाभ सही पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से ई-केवाईसी प्रक्रिया को आवश्यक बनाया गया है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा आयोजित की जा रही है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार वैष्णोदेवी-अमृतसर एवं हरिद्वार-ऋषिकेश यात्राओं का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जारी जानकारी के अनुसार वैष्णोदेवी-अमृतसर यात्रा के लिए 262 यात्रियों का आवंटन किया गया है, जिसकी आवेदन पत्र प्राप्त करने की यात्रा प्रारंभ तिथि 17 मई 2026 है। इसी प्रकार हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा के लिए 196 यात्रियों का चयन किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05 जुलाई 2026 एवं यात्रा प्रारंभ की संभावित तिथि 19 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। निर्देश दिए गए हैं कि इच्छुक पात्र आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों जैसे चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड सहित समय सीमा के भीतर जमा करें। आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि आवेदक पूर्व में इस योजना का लाभ प्राप्त न कर चुके हों। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### गोल्डन अवर्स में हाई रिस्क रोगियों के उपचार एवं प्रबंधन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा निर्देश दिये गये थे कि गोल्डन अवर्स में हाई रिस्क रोगियों के उपचार एवं प्रबंधन किया जावे। उक्त संबंध में दिनांक 13 एवं 14 मई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में 108 एम्बुलेंस वाहनों के स्टॉफ जिसमें पायलट एवं ईएमटी को गोल्डन अवर्स में हाई रिस्क रोगियों के उपचार एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे दुर्घटना होने पर गंभीर मरीज को प्राथमिक उपचार दिया जावे एवं जल्दी से जल्दी जिला चिकित्साय, बुंदेलखंड मेडीकल पहुंचाया जाये जिससे कि मरीज की जान को बचाया जा सके। उक्त प्रशिक्षण में डॉ जी.पी. आर्या मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ ललिता पाटिल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ संतोष पटेल मेडीसिन विशेषज्ञ, डॉ अभिषेक ठाकुर आर.एम.ओ, डॉ विनयदीप विदौलिया हडडी रोग विशेषज्ञ एवं डॉ हेमंत कोष्टी जिला कुष्ठ अधिकारी द्वारा संबंधितों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बताया गया कि कैसे मरीज को प्राथमिक उपचार दिया जाये एवं गर्मी के मौसम को देखते हुये लू लगने पर मरीजा का क्या उपचार किया जाना है उक्त संबंध में भी प्रशिक्षित किया गया।

## कृषि रथ को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दिखाई हरी झंडी

# सरकारी योजनाओं ने बनाया खेती-किसानी को लाभ का धंधा: मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विशेष कृषि रथ अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत 16 मई से 30 मई तक कृषि रथ ब्लॉक एवं गांव स्तर तक पहुंचकर किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं कृषि विभाग की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। अभियान का शुभारंभ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने कृषि विभाग की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "सशक्त किसान भारत की असली पहचान बनेगा। किसानों को योजनाओं की सही जानकारी मिलना बेहद जरूरी है, ताकि वे शासन की सुविधाओं का लाभ लेकर अपनी आय बढ़ा सकें।" उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों को जागरूक करें और उन्हें आधुनिक खेती, उन्नत बीज, सिंचाई योजनाओं तथा कृषि अनुदान संबंधी जानकारी दें।

मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार लगातार किसानों के हित में कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिससे कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है और कृषि क्षेत्र को नई तकनीकों एवं योजनाओं के माध्यम से मजबूत करना है। कृषि रथ अभियान किसानों को जागरूक करने और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कृषि विभाग के उपसंचालक राजेश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में किसानों को कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों की नवीनतम तकनीकी जानकारी एवं योजनाओं से जोड़ने हेतु खरीफ की तैयारी हेतु सागर जिले में कृषि रथ का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 16 मई से 30 मई तक जिले की सात विधानसभाओं के अंतर्गत कुल 11 विकासखंडों में कृषि रथ का संचालन किया जाएगा। प्रत्येक दिन लगभग तीन से चार पंचायत में भ्रमण कर कृषि रथ के माध्यम से संबद्ध विभागों की जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

### किसानों तक पहुंचेगी तकनीकी जानकारी

कृषि रथ अभियान का उद्देश्य जिले के किसानों तक सीधे पहुंचकर उन्हें आधुनिक खेती, नवाचार, सरकारी योजनाओं तथा कृषि आधारित आय-वृद्धि के उपायों की जानकारी देना है। इस कृषि रथ में उपस्थित तकनीकी दल, कृषि वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं प्रगतिशील किसानकिसानों को खेती से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। अभियान के दौरान गांव-गांव जाकर किसानों को फसल उत्पादन, बीज चयन, मृदा स्वास्थ्य, कीट-रोग नियंत्रण, पोषक तत्व प्रबंधन एवं कृषि यंत्रीकरण जैसी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।

कृषि रथ अभियान में कृषि विभाग के साथ-साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं सहकारिता विभाग की सक्रिय सहभागिता रहेगी। किसानों को बागवानी फसलें, सब्जी उत्पादन, फलोद्यान, डेयरी विकास, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, मत्स्य पालन के आधुनिक तरीके तथा सहकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, कृषि विज्ञान केंद्र सागर से कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रमुख डॉ के एस यादव, परियोजना संचालक एम के प्रजापति उद्यानिकी विभाग से उपसंचालक उद्यानिकी पी एस बडोले, डॉ वी एस ठाकुर, मत्स्यपालन विभाग से आर एम प्रजापति के साथ साथ कृषि विभाग के समस्त सहायक संचालक सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### पीली कोठी वाले बाबा के 76वें उर्स के दूसरे दिन कव्वाली कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**सागर।** सर्व धर्म कौमी एकता के प्रतीक कुतुब हजरत सैयद दाऊद मक्की चिश्ती साबरी रह.अलैह पीली कोठी वाले बाबा के 76वें तीन दिवसीय सालाना उर्स के दूसरे दिन शनिवार को कब्बाली प्रोग्राम का उद्घाटन सभी आमंत्रित अतिथिगणों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। तदोपरान्त दरगाह शरीफ पीली कोठी उर्स कमेटी के द्वारा अतिथिगणों का फूल मालाओं, शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। पीली कोठी वालें बाबा के उर्स कमेटी के अध्यक्ष अरशद अली ने बताया कि कब्बाली प्रोग्राम के उद्घाटन कार्यक्रम उपरांत हिंदुस्तान के मशहूर फनकार जुनैद सुल्तानी कब्बाल पार्टी और अशद निशहद साबरी कब्बाल पार्टी ने तमाम रात कव्वाली एवं गजलों की शानदार प्रस्तुति दी। जिसे सुनने के लिए लोग रात भर उर्स के मैदान पर डटे रहे और जमकर झूमते रहे। दूर-दूर से आए लोगों ने बाबा की दरगाह में पहुंचकर मत्था टेका और फिर कव्वालियों के साथ-साथ उर्स मेले का भी आनंद लिया। उर्स के मौके पर की गई आकर्षक विद्युत सजावट आकर्षण का केंद्र रही। उर्स के अवसर पर देश की एकता और अखण्डता, अमन,चैन की दुआ की गई एवं तबर्रुख प्रसादि का वितरण किया गया। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अरशद अली ने बताया कि पीली कोठी वाले बाबा के सालाना उर्स के तीसरे दिन आज रविवार को भी तमाम रात हिंदुस्तान के मशहूर फनकार चाँद कादरी कब्बाल पार्टी और शब्बीर सदाकत साबरी कब्बाल पार्टी के बीच कव्वाली एवं गजलों का मुकाबला होगा।

## भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से गत 15 दिन में 60 जरूरतमंदों को नि:शुल्क रक्त मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से 01 मई से 15 मई 2026 के मध्य 60 जरुतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। विगत 2 जून, 2025 को आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 1004 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है। "भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन" सागर जिले के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन कर सामने आई है। इस जनोपयोगी प्रकल्प रक्त हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराते हुए मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए जा सके हैं। गत 15 दिनों में जिन 60 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के क्षेत्रों, बंडा, केसली, गौरझामर, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली राहतगढ़ मालथौन, बांदरी, बीना, देवरी, बेगमगंज, दमोह, सानौधा, बटियागढ़, जैसीनगर, के ग्रामों व वार्डों से सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए मरीज शामिल हैं। रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में अपनाने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष के मई तथा नवंबर माहों आयोजित हुए दो रक्तदान शिविरों में लगभग 2181 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 17 हजार यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य की उपलब्धि को इंडिया बुक आफ रिकाड्र्स संस्था ने रिकार्ड के रूप में दर्ज कर उन्हें इसका प्रमाण पत्र भी पिछले दिनों भेंट किया है। आगामी मई माह में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चार दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन 16,17,18 और 19 मई, 2026 को आयोजित किया जा रहा है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आज से

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ आज से होने जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण वर्ग को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्य मार्ग से लेकर कार्यक्रम स्थल होटल हेरिटेज तक भाजपा के झंडे, बैनर एवं स्वागत द्वारों से पूरे मार्ग को सजाया गया है। पूरे परिसर को भाजपा के रंग में रंगते हुए कार्यकर्ताओं ने समूचे वातावरण को भाजपामय बना दिया है।निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी वैभव कुकरेले ने आवास, भोजन, बैठक व्यवस्था, पंजीयन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने की अपील की।

## अधिकतर कांग्रेसी काले लिबास में नजर आए, सड़कों पर जमकर की नारेबाजी

# नीट परीक्षा पेपर लीक होने पर जिला शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त विरोध-प्रदर्शन करके निकाला मशाल जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक जीतू पटवारी के आह्वान पर कोतवाली थाने के समीप चकरा घाट से कांग्रेस ने विशाल मसाल -जुलूस निकाला जो चकरा घाट तीन बत्ती होते हुए कटरा जामा मस्जिद पर समाप्त हुआ। कांग्रेस का यह मशाल जुलूस नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण से विद्यार्थियों के भविष्य से हुए खिलवाड़ को लेकर था।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण बहुत ही गंभीर मामला है। इस घटना से विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार मय बनाने की साजिश की बू आ रही है। इस घटना से लाखों विद्यार्थियों के सपने जहां टूटे वहीं उनके अभिभावकों की मेहनत पर पानी भर गया जिनके बच्चे रात-रात भर जाग कर सुनहरे भविष्य के लिए रात में पढ़ाई कर रहे थे। महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस इसकी निंदा करती है। हम दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हैं। वही ऐसी लगातार घटनाएं भाजपा के राज घट रही लेकिन कुंभकरण की तरह सरकार सो रही है पूरे देश में रावण राज पनप रहा है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने कहा कि बूढ़े मां-बाप कर्ज करके अपने बच्चों की सुनहरे भविष्य के लिए चौबीसों घंटे मेहनत कर अपने बच्चों को रात-रात भर जगा-जगा कर पढ़ाई करवा रहे थे लेकिन नीट पेपर लीक प्रकरण से उन अभिभावकों की उम्मीद पर कुठाराघात हो गया। भूपेंद्र सिंह मोहासा ने शिक्षा के दलालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यह संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह है।

अधिकतर कांग्रेसी काले लिबास में नजर आए एवं पोस्टर फ्लेक्स में विद्यार्थियों के भविष्य से हुए खिलवाड़ नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण के खिलाफ अपने हाथों में फ्लेक्स लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। एका एक शहर में बड़ी संख्या में हाथों में मशाल देखकर राहगीरों ने भी सराहा आखिर भाजपा इस मामले पर क्यों चुप्पी साधे बैठी है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन रेखा चौधरी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, मुकुल पुरोहित, अमित राम जी दुबे रामकुमार पचौरी, आशीष ज्योतिषी, पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, शैलेंद्र तोमर, रमाकांत यादव, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, संदीप सबलोक, अवधेश तोमर, कमलेश तिवारी, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, रमाकांत यादव, विनीत जैन, रवि सोनी, संदीप चौधरी, राकेश राय, विजय साहू, रिचा सिंह, दीपक दुबे भैयन पटेल, महेश अहिरवार, लीलाधर सूर्य वंशी, नीलोफर चमन अंसारी, ताहिर खान, रिचा सिंह, शिव शंकर गुड्डू यादव, शशि जाटव सुलेखा राकेश राय, देवेंद्र कुर्मी, जितेंद्र रोहण, नीलेश अहिरवार, जितेंद्र चौधरी, किरण लता सोनी, अर्चना कनौजिया, मीना पटेल, पवन पटेल, श्री दास रैकवार, गोपाल प्रजापति, कल्लू पटेल, हेमंत लारिया, पवन जाटव, चक्रेश रोहित, आनंद अहिरवार, बंटी कोरी समीर खान, नौशाद अब्बासी, निलेश जैन, अरविंद ठाकुर, संजय श्रॉफ, ज्योति मलैया, दिनेश पटैरिया, नरेश सनकत, जाहिद ठेकेदार, फ़िरदौस कुरैशी, सुरेश पंजवानी, प्रशांत सोनी, दुली चंद्र सकवार,मलैया, वीरू चौधरी, कुंजीलाल लड़ियां, हरिश्चंद्र सोनवार, उमर खान, मयंक ठक्कर शेर खान नोशाद अब्बासी, सोएब कुरैशी समीर खान, रेखा सोनी, अजय अहिरवार सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।




### शनिवार को शनिश्चरी अमावश्या का संयोग, मंदिरों में अर्पण के लिए तिल-तेल लेकर पहुंचे श्रद्धालु

**खुरई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को शनि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शनि मंदिरों में भगवान शनि का विधि-विधान से अभिषेक, पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया। आचार्य पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सरसों का तेल अर्पित कर प्रसाद चढ़ाया। शनि मंदिरों को फूलों से सजाया गया था, जिससे वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने इस विशेष अवसर पर दर्शन और पूजन किया। शनि मंदिर के पुजारी सीता राम तिवारी ने बताया कि शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने और शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या तथा महादशा से मुक्ति के लिए शनि जयंती का पर्व बड़ा महत्व रखता है। उन्होंने बताया कि शनि जयंती की शाम को पीपल के पेड़ के नीचे पांच तिल या सरसों के तेल का दीपक जलाना चाहिए और हाथ जोड़कर सात परिक्रमा करनी चाहिए। पुजारी सीता राम तिवारी के अनुसार, शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या से प्रभावित व्यक्ति को हनुमान मंदिर जाकर हनुमान जी के सामने चमेली के तेल का दीपक जलाकर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से शनि दोष और जीवन में आ रही परेशानियों से मुक्ति मिलती है। खुरई के शनि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। खुरई के गुरुकुल चौराहे स्थित शनि मंदिर, पशु चिकित्सालय स्थित शनि मंदिर और जगदीशपुरा शनि मंदिर सहित कई स्थानों पर भक्तों ने काले तिल और सरसों का तेल अर्पित किया।



### महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना की

**खुरई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को वट सावित्री व्रत का पर्व मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ वट वृक्ष के नीचे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भीड़ देखी गई। महिलाएं पारंपरिक परिधानों और श्रृंगार में सजकर पूजा स्थलों पर पहुंचीं। उन्होंने वट वृक्ष की परिक्रमा कर कच्चा सूत बांधा। भगवान विष्णु और माता सावित्री का स्मरण करते हुए पति की दीर्घायु की कामना की गई। पूजा के दौरान महिलाओं ने व्रत कथा भी सुनी और धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन किया। खुरई में पशु चिकित्सालय, खैरा नाका, जेल रोड, किला, डोहेला और पुराने जनपद चौराहा के पास सहित अन्य जगहों पर भी महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती नजर आईं।



### विस्फोटक गोदामों का औचक निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन, सीएसपी ललित कश्यप एवं पुलिस टीम द्वारा सागर शहर में स्थित विस्फोटक भण्डारकों एवं विक्रेताओं की दुकानों तथा गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भण्डारण क्षमता, सुरक्षा मानकों, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, लाइसेंस एवं स्टॉक रजिस्टर का गहनता से परीक्षण किया गया। टीम द्वारा सभी संचालकों को विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। गोदाम परिसर में अग्नि सुरक्षा के समुचित इंतजाम रखने, सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखने, अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित करने तथा सुरक्षा गार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने हेतु कहा गया।

### हनोता गोशाला की बदली सूरत: अव्यवस्थाओं के आरोपों के बाद जागा प्रशासन

**खुरई।** पिछले दिनों विवादों और विरोध प्रदर्शन का केंद्र रही नगर की हनोता गौशाला में अब व्यवस्थाएं पटरी पर लौटती दिखाई दे रही हैं। पूर्व में गौसेवकों द्वारा लगाए गए अनियमितताओं के आरोपों और फरसा चौराहा पर किए गए चक्काजाम के बाद, प्रशासन द्वारा किए गए सुधार के वादे अब धरातल पर नजर आ रहे हैं। औचक निरीक्षण में मिलीं सुधरी हुई व्यवस्थाएं का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें स्थिति संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान गौशाला परिसर में कर्मचारी तैनात मिले और समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह अजवानी भी मौके पर उपस्थित रहे। गौशाला की वर्तमान स्थिति पर एक नजरगोवंश की संख्या वर्तमान में गौशाला में लगभग 70 गोवंश आश्रय ले रहे हैं, जिनमें से 2 से 3 गोवंश दुधारू हैं।भोजन व चारा- परिसर में स्थित तीन भूसा भंडारों का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जो पूरी तरह भरे हुए हैं। पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है। पानी का प्रबंधन परिसर में निर्मित टंकियों में पशुओं के लिए स्वच्छ पानी और भूसे का उचित प्रबंध मिला।चिकित्सा और बुनियादी सुविधाएंगौवंश के स्वास्थ्य को लेकर पूछे गए सवालों पर समिति सदस्य ने बताया कि पशुओं के उपचार के लिए डॉक्टर प्रतिदिन सुबह गौशाला आते हैं और सभी गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार प्रदान करते हैं। विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्थागौशाला परिसर की सुरक्षा और रात्रि में प्रकाश के लिए नगरपालिका द्वारा उचित प्रबंध किए गए हैंपरिसर के बाहर डीपी स्थापित है। मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट्स लगवाई गई हैं, जो सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं। पानी की सप्लाई के लिए बिजली की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। हनोता गौशाला में हुए इन सुधारों से स्पष्ट है कि जन-आक्रोश और गौसेवकों की सक्रियता के बाद नगर पालिका और प्रबंधन समिति ने अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव किया है।

## भीषण गर्मी में ग्रामीणों को राहत देने कलेक्टर की पहल, गांव में सुनी समस्याएं

# खुले आसमान के नीचे रात्रि चौपाल खाट पर रात, गांव में उतरा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




जिले में इन दिनों प्रशासन का एक अलग ही मानवीय और देसी अंदाजी चेहरा देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय और तहसील कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी मंशा के तहत कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्राम पंचायतों में स्वयं पहुंचकर रात्रि जनचौपाल लगाने और गांव में ही रात्रि विश्राम करने की अभिनव पहल शुरू की है। बुंदेलखंड की धरती पर प्रशासन का यह अंदाज अब चर्चा का विषय बन चुका है।

### जुड़ावन में चौपाल, रात्रि विश्राम, सुबह चूल्हे की चाय, फिर जनचर्चा

जनपद टीकमगढ़ अंतर्गत आने वाली जुड़ावन ग्राम पंचायत में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय पहुंचे, जहां उन्होंने खुले आसमान के नीचे ग्रामीणों के बीच रात्रि जन चौपाल लगाई। देर रात तक ग्रामीणों की समस्याएं सुनने व उनका समाधान करने के बाद गांव में ही खटिया पर कूलर की हवा में रात्रि विश्राम किया। और फिर सुबह उठकर उन्होंने गांव की पारंपरिक दिनचर्या के बीच नदी किनारे ही चूल्हे पर बनी चाय पी, ग्रामीणों के साथ दातून किया और पुनः चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि जिले में इन दिनों तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। ऐसे में प्रशासन तो एसी की ठंडक में रहता है लेकिन ग्रामीणों को उनकी ही समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक बुलाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि रात्रि जनचौपाल का उद्देश्य यही है कि प्रशासन स्वयं गांव पहुंचे और मौके पर समस्याओं की वास्तविक स्थिति समझे। उन्होंने बताया कि जब ग्रामीण, संबंधित अधिकारी और कर्मचारी एक ही स्थान पर आमने-सामने बैठते हैं तो समस्या की असली वजह सामने आ जाती है और कोई भी तथ्य छिप नहीं पाता। कई मामलों में मौके पर ही समाधान संभव हो जाता है, जबकि लंबित मामलों के निस्तारण की स्पष्ट प्रक्रिया तय कर दी जाती है।

### देर रात तक चली चौपाल, मौके पर हुआ समाधान

रात्रि जनचौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। लोगों ने पेंशन, समग्र आईडी में संशोधन, सीमांकन, नामांतरण, राशन कार्ड, पेयजल, सड़क, बिजली और राजस्व संबंधी समस्याएं कलेक्टर के सामने रखीं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने लगभग 25 से 30 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कराया, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयसीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचना चाहिए और लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जुड़ावन ग्राम के ग्रामीणों ने कहा कि अक्सर छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें कई बार दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन जिला कलेक्टर जैसे किसी बड़े अधिकारी को रात्रि में गांव में रुककर सीधे समस्याएं सुनते और उनका समाधान करते हुये पहली बार देखा गया है। ग्रामीणों का कहना था कि कलेक्टर श्रोत्रिय सिर्फ दफ्तर में बैठकर आदेश देने वाले अधिकारी नहीं हैं, बल्कि गांव की जिंदगी और परेशानियों को समझने के लिए जमीन पर उतरकर काम कर रहे हैं। लोगों ने उम्मीद जताई कि इस तरह की रात्रि चौपाल और रात्रि विश्राम की पहल आगे भी जारी रहनी चाहिए, ताकि गांव स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। टीकमगढ़ जिले में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की गांव में ही रात्रि जन चौपाल की यह अभिनव पहल अब प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम करने वाले संवेदनशील मॉडल के रूप में देखी जा रही है।

### पीएम संदेश, कम संसाधन, ज्यादा संवेदनशीलता का भी रखा ध्यान

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सादगी और संसाधनों के संयमित उपयोग के संदेश को ध्यान में रखते हुए इस दौरे में बड़े काफिलों से भी दूरी बनाई गई। वे केवल दो वाहनों और सीमित अधिकारियों के साथ गांव पहुंचे। सबसे खास बात रही कि किसी विशेष व्यवस्था की मांग नहीं की। गांव में लगे कूलर की हवा और खुले मैदान में साधारण तख्त एवं खटिया पर ही रात्रि विश्राम किया।

## पुलिस की अनोखी पहल से 109 टूटे परिवार पुनः जुड़े

# विश्व परिवार दिवस पर 13 दंपत्तियों ने माला पहनाकर साथ निभाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ



विश्व परिवार दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पुलिस एवं महिला थाना की संयुक्त पहल से पारिवारिक विवादों के कारण अलग हो चुके 109 परिवारों को पुनः जोड़ने की उल्लेखनीय उपलब्धि साझा की गई।

कार्यक्रम में उन परिवारों में से 13 दंपत्तियों ने सहभागिता की, जिन्होंने आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को माला पहनाई और मिठाई खिलाकर पुनः साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया। इस भावुक पल के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं परिजनों ने दंपत्तियों का उत्साहवर्धन किया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी दंपत्तियों को मिठाई खिलाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित भी किया। अपने संबोधन में एसपी मंडलोई ने सभी को विश्व परिवार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिवार केवल एक सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद, सम्मान और संवेदनाओं का आधार होता है। उन्होंने दंपत्तियों को साथ रहने, एक-दूसरे की भावनाओं को समझने तथा पारिवारिक मूल्यों को सहेजने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि टीकमगढ़ पुलिस द्वारा पारिवारिक विवादों और टूटते परिवारों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए महिला थाना को नोडल एजेंसी बनाया गया है। शिकायत मिलने पर दोनों पक्षों को बुलाकर छह स्तरीय काउंसलिंग प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें संवेदनशील संवाद, आपसी समझ, पारिवारिक समन्वय और सामाजिक मूल्यों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी मानवीय पहल के सकारात्मक परिणामस्वरूप 109 परिवार पुनः एक साथ जुड़े और वर्तमान में सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पुलिस की इस पहल के दूरगामी परिणाम भी सामने आए हैं। पारिवारिक समन्वय और समयबद्ध काउंसलिंग के चलते जिले में दहेज प्रताड़ना से जुड़े मामलों में लगभग 54.12 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

# एसपी के ऑपरेशन वारंट अभियान में की कार्रवाई



**टीकमगढ़।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में वर्ष 2026 के दौरान विशेष अभियान ऑपरेशन वारंट चलाया गया। अभियान के तहत लंबे समय से फरार स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलेभर में विशेष रणनीति के साथ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सभी थाना एवं चौकी स्तर पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। मुखबिर तंत्र, तकनीकी विश्लेषण एवं साइबर सेल की सहायता से फरार आरोपियों पर लगातार निगरानी रखी गई। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने संभावित ठिकानों पर योजनाबद्ध दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीकमगढ़ पुलिस ने अभियान के तहत कुल 912 वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इनमें 78 स्थाई वारंटी, 825 गिरफ्तारी वारंटी एवं 9 इनामी आरोपी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए इनामी आरोपियों पर कुल 17 हजार रुपये का इनाम घोषित था। सभी आरोपियों को वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। अभियान का पर्यवेक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी टीकमगढ़ व जतारा द्वारा किया गया। जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों सहित पुलिस बल ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीकी संसाधनों, साइबर सेल और मजबूत मुखबिर तंत्र का उपयोग करते हुए जिले के साथ-साथ अन्य राज्यों में छिपे फरार आरोपियों को भी चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया, जो अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाता है। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देना है।

## जमीन विवाद से लेकर पारिवारिक कलह बना सबब

# मारपीट की तीन घटनाओं से सनसनी, मामले किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मारपीट की तीन अलग-अलग घटनाओं ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। कहीं नीलामी की जमीन खरीदने को लेकर विवाद हुआ तो कहीं पारिवारिक कलह हिंसा में बदल गई। तीनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

**नीलामी की जमीन खरीदने पर विवाद** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खुशीपुरा बर्माताल में नीलामी की जमीन खरीदने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गांव के तीन लोगों ने बुजुर्ग, उनके पुत्र और बहू के साथ मारपीट कर दी।

पुलिस के अनुसार पीड़ित रमनी घोष उम्र 65 वर्ष, उनके पुत्र कमलेश घोष एवं बहू शिविका घोष का गांव के कल्लन घोष, संतोष घोष और शिवम घोष से विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने तीनों के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**शराब के नशे में बेटे ने पिता व छोटे भाई को पीटा** ग्राम खड़ाई में शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने ही पिता और छोटे भाई के साथ मारपीट कर दी। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित नन्हे लाल अहिरवार उम्र 55 वर्ष अपने घर पर मौजूद थे। तभी उनका बड़ा पुत्र रामरतन अहिरवार शराब के नशे में घर पहुंचा और छोटे भाई प्रथम को पढ़ाने-लिखाने की बात को लेकर विवाद करने लगा।

### बेटे ने पिता पर गैंती के बैंट से किया हमला, अस्पताल में भर्ती

**दिगौड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम लुहरगुवां में पारिवारिक विवाद के चलते बेटे ने अपने पिता पर गैंती के बैंट से हमला कर दिया। घटना में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार राकेश घोष उम्र 40 वर्ष का शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे अपने पुत्र शैलेन्द्र घोष से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान शैलेन्द्र ने गैंती के बैंट से पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित के बयान दर्ज किए और आरोपी के खिलाफ प्रकरण कायम कर लिया है।

# तेज रफ्तार फिर बनी काल, ओवरटेक में ट्रक से भिड़ी बाइक, मामा-भांजे की मौत

**अंचल में हुआ तीन दिन में तीसरा बड़ा हादसा, यातायात नियमों की अनदेखी पर सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव धसान




जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार, लापरवाह वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी के चलते लगातार हो रहे हादसे अब लोगों की जान पर भारी पड़ने लगे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो सड़कों पर तेजी से वाहन दौड़ाने की होड़ मची हो, जिसकी कीमत लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है।

इसी कड़ी में शनिवार शाम बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र के भदौरा पेट्रोल पंप के पास स्थित लवकुश होटल के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मृतको के बीच मामा भांजे का रिश्ता बताया जा रहा है। उक्त हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार दोनों मामा भांजे एक बाइक पर सवार होकर बड़ागांव की ओर से अपने गांव सोरखी लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रास्ते में एक चार पहिया बोलेरो वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 94 टी 5757 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान छतरपुर जिले के सत्येंद्र यादव उम्र 30 वर्ष निवासी सोरखी तथा शोभरन यादव उम्र 28 वर्ष निवासी झाखर के रूप में हुई है। बताया गया है कि दोनों युवक उत्तर प्रदेश के मड़ावरा से फसल के लिए कीटनाशक खरीदकर अपने गांव लौट रहे थे। तभी लबकुश होटल के पास ये दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ागांव धसान पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि जिले में बीते तीन दिनों के भीतर यह तीसरी बड़ी सड़क दुर्घटना है, जिसमें दोपहिया वाहन ट्रकों की चपेट में आए हैं। इससे पहले शुक्रवार को टीकमगढ़-बलदेवगढ़ मार्ग पर भी ट्रक की टक्कर से दो लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार बढ़ते सड़क हादसों ने जिले में यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण, यातायात नियमों का सख्ती से पालन और जागरूकता अभियान चलाए बिना इन हादसों पर रोक लगाना मुश्किल होगा।

## पेपरलेस से उपभोक्ताओं को त्वरित सेवाएं

# पलेरा बिजली कार्यालय बना हाईटेक ई-ऑफिस




हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा डिजिटल इंडिया अभियान के तहत बिजली कार्यालय में ई-ऑफिस एवं पेपरलेस कार्य प्रणाली लागू की जा रही है। नई व्यवस्था के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों को आधुनिक तकनीक से संचालित कर कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनाया जा रहा है।

बिजली विभाग में अब नवीन विद्युत कनेक्शन, नाम परिवर्तन, भार वृद्धि एवं कमी, बिल सुधार तथा विद्युत चोरी प्रकरण सहित अधिकांश कार्य ऑनलाइन और डिजिटल माध्यम से संपादित किए जा रहे हैं। विभागीय फाइलों का आदान-प्रदान, नोटिंग, अनुमोदन एवं दस्तावेजों की प्रक्रिया भी कंप्यूटर आधारित ई-ऑफिस प्रणाली से की जा रही है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पूर्व में जिन कार्यों में कई दिन लग जाते थे, अब डिजिटल प्रक्रिया के कारण वही कार्य कम समय में पूर्ण हो रहे हैं। साथ ही कागज के उपयोग में कमी आने से कार्यालयीन खर्च घट रहा है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।

सहायक अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा ने बताया कि शासन एवं विभाग के निर्देशानुसार कार्यालय को पूर्ण रूप से डिजिटल बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से फाइलों की निगरानी आसान हुई है।

वार्ड-10 में पहुंचे नपा अधिकारी, एफडीआर जब्त करने की कही बात, शुरू कराई

# मीडिया ने बताई दयनीय स्थिति हरकत में आया नपा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



वार्ड क्रमांक-10 में लंबे समय से गंदगी और जलभराव की समस्या के चलते नारकीय जीवन जीने को मजबूर वार्डवासियों की परेशानी को मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आ गया। नगर पालिका की प्रभारी अध्यक्ष एवं डिप्टी कलेक्टर अंजलि शर्मा के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया, ठेकेदार व सफाई अमले के साथ मौके पर पहुंचे और क्षेत्र का निरीक्षण किया। मौके पर गड़बड़ी पाए जाने पर पार्षद महेश साहू और सीएमओ भदौरिया ने यह सुनिश्चित किया कि नाली निर्माण करने बाले ठेकेदार का एफडीआर जप्त किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गंदे पानी से भरी गलियों और अवरुद्ध नालियों को देखा।

सीएमओ भदौरिया ने तत्काल सफाई के निर्देश दिए, जिसके बाद गंदे पानी को सुखाकर सड़क की गईं साथ ही सफाई कर्मचारियों ने नालियों की सफाई शुरू की और बदबू व संक्रमण से राहत दिलाने के लिए पाउडर का छिड़काव कराया गया। इसके बाद सीएमओ ने मौके पर उपस्थित ठेकेदार को निर्देश दिए कि नालियो को इस तरह परिवर्तित किया जाये जिससे पानी का भराव न हो और आसानी से पानी की निकासी हो सके। अधिकारियों ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान वार्ड क्रमांक-16 के पार्षद प्रतिनिधि महेश साहू, वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद अजय यादव उर्फ अज्जू गाड़े, संबंधित ठेकेदार, सफाई प्रभारी राकेश हवलदार सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे वर्षों से गंदे पानी, बदबू और मच्छरों के बीच नारकीय जीवन जीने को मजबूर थे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से लोगों को फिलहाल राहत मिली है।

### गलत निर्माण से बिगड़ी थी जल निकासी व्यवस्था

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक-10 स्थित इंदिरा कॉलोनी में मदीना मस्जिद के आसपास नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर सड़क और नाली निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद हालात और बिगड़ गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नालियों का ढाल गलत बनाए जाने तथा निकासी व्यवस्था व्यवस्थित न होने से क्षेत्र में स्थायी जलभराव की स्थिति बन गई। लोगों का कहना है कि कहीं नालियां ऊंची बना दी गईं तो कहीं सड़क नीचे छोड़ दी गई, जिससे पानी की निकासी पूरी तरह रुक गई। बिना बारिश के भी गलियां गंदे पानी से लबालब रहती हैं और लोगों को उसी पानी से होकर निकलना पड़ता है। लगातार जलभराव के कारण मकानों की नींव कमजोर होने लगी है, वहीं बदबू और मच्छरों से बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है।


वार्ड-10 में लाखों खर्चकर नाली बनी, फिर भी जलभराव कायम, गंदे पानी में सड़ रही जनता की जिंदगी

**चहेतों को उपकृत करने का हर्जाना नारकीय जीवन रूप में भोग रहे हैं वार्डवासी**

## कृषि जागरुकता में बढ़ा कदमः हरी झंडी दिखाकर कृषि रथ किया रवाना

# आधुनिक खेती और योजनाओं की देंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की मौजूदगी में नगर के विश्राम भवन परिसर से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत खेती और शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत सहित कृषि विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

इस मौके पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि यह कृषि रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर किसानों तक कृषि विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की सीधी जानकारी पहुंचाएगा। उन्होंने बताया कि आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के उत्थान और उनकी आय दोगुनी करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से शुरू किया गया यह अभियान ग्रामीण अंचलों में कृषि जागरूकता और कृषि क्रांति का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पलेरा में भी किसानों को जागरूक करने कृषक रथ अभियान की शुरुआत

**पलेरा।** नगर में मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित कृषक कल्याण वर्ष 2026 अभियान के तहत 16 मई से 25 मई तक चलाए जा रहे कृषक रथ संचालन अभियान की शुरुआत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय परिसर से की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, सीईओ अरविंद वोरकर, तहसीलदार कुलदीप सिंह, जनपद सदस्य प्रतिनिधि हरसेवक राजपूत, राजेश नायक, सचिव देवकीनंदन विश्वकर्मा, समिति प्रबंधक तुफैल खान सहित कई जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित रहे। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रमाकांत लोधी ने किसानों को ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की। वहीं सुरेंद्र गंगेले ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और रासायनिक खाद के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लगातार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से भूमि की उर्वरा




शक्ति प्रभावित हो रही है। अभियान के तहत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना और पराली प्रबंधन जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार कृषक रथ प्रतिदिन चार ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करेगा।

### मौत के बाद फूड सेफ्टी विभाग ने लिया तरबूज का नमूना

# प्यास लगने पर ही कुआं खोदने की कार्रवाई क्यों करता है प्रशासन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को एक व्यक्ति की तरबूज खाने के बाद मौत हो जाने पर फूड सेफ्टी विभाग ने आनन फ़ानन में देर शाम शहर की फल मंडी पहुंचकर एक दुकान से तरबूज का सैंपल लेकर जांच के लिए लेबोलेटरी भेजने का काम किया। प्रश्न यह उठ रहा है कि जो सैंपल व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद लिया अगर वह पहले लिया गया होता तो शहर में जहर के रूप में बिक रहे फल सब्जियों का पता लग जाता और अभागे व्यक्ति की मौत होने से बच जाती. ज्ञात हो कि शुक्रवार को तरबूज खाने से पिता की मौत हो गई थी और पुत्र गंभीर रूप से बीमार हो गया था.

शुक्रवार को तरबूज खाने से बीमार होकर इन्दर सिंह (43) एवं उनके 21 वर्षीय पुत्र विनोद सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था जहाँ इंदर सिंह की खराब हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज कोटा के लिए रेफर कर दिया जिसकी खातौली के पास ही मौत हो गई. बेटे की हालत भी स्थिर बनी रही थी. तरबूज जैसा फल जिसे पानी का पर्याय माना जाता है को खाकर मौत हो जाने की सूचना सोशल मिडिया के माध्यम से मिलने से शहर में लोग देहशतजदा हो गए लोगों के समझ नहीं आ रहा कि वह क्या खाएं क्या ना खाएं यह बताने वाला शायद कोई नहीं है जबकि इस काम के लिए लाखों रुपए वेतन पर सरकार ने अधिकारी कर्मचारी रखे हुए हैं जिनका काम रोजाना सैंपल उठाना और लैबोरेट्री से जांच कराना भी है पर वह सिर्फ तीज त्योहारों के समय मिठाई की दुकानों से सैंपल लेने की औपचारिकता करने और यात्री वाहनों में से गरीब दूधविक्रेताओं का मावा पकड़ कर उनसे वसूली करने या जुर्माना करने की कार्रवाई करते दिखाई देते हैं जिससे लोग धड़ल्ले से रासायनिक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थ खाने को मजबूर बने हुए हैं.

#### फूड सेफ्टी विभाग ने लिया तरबूज का नमूना



तरबूज खाने से एक की मौत हो जाने की सूचना के बाद कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार ने टीम बनाकर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तरबूज का नमूना लेने के लिए भेजे खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन ने न्यू बस स्टैण्ड के पास फ्रूट मंडी स्थित राइन फ्रूट कंपनी से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत तरबूज का नमूना लिया गया है। जिसे जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेज दिया गया।

#### उपभोक्ता कहां करें शिकायत

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत, यदि आपको दूषित या मिलावटी फल-सब्जी मिलती है, तो आप विक्रेता के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं और नुकसान के लिए मुआवजा मांग सकते हैं।मोबाइल ऐप/हेल्पलाइन: आप **FSSAI** के 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' मोबाइल ऐप या राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (1915 या 1800-11-4000) पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। स्थानीय स्तर पर 9039776023 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिंह सिकरवार, 9977977000 खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन को कॉल लगा सकते हैं.

#### इनका कहना...

कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर फूड सेफ्टी अधिकारी को नियमित रूप से खाद्य पदार्थों के साथ-साथ फ्रूट और सब्जियों के सैंपल लेकर लेबोरेटरी में भेजकर जांच कराने को बोल दिया है. लापरवाही बरतने पर संबंधितों का वेतन रोकने कार्रवाई की जाएगी.

डॉ दिलीप सिंह सिकरवार
सीएमएचओ श्योपुर

### 24 को पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ होगा समापन

# गौ सेवा धाम में आज होगा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, निकलेगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के बायपास रोड क्षेत्र स्थित गौ सेवा धाम में श्योपुरवासियों की सुख समृद्धि एवं आध्यात्मक उन्नति के लिए अर्ध अष्टोत्तर एवं श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसका शुभारंभ 17 मई रविवार को कलश यात्रा के साथ होगा। गौ सेवको के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के श्योपुर जिलाध्यक्ष किम्मी गौतम ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कलश यात्रा निकाले जाने के साथ होगा। कलश यात्रा रविवार की सुबह 8 बजे खुलखुली माता मंदिर से शुरू होगी। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल गौ सेवा धाम में आकर सम्पन्न होगी। जहां कलश यात्रा के उपरांत श्रीमद भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ होगा और कथा व्यास पं राधारमण शास्त्री कुहांजापुर वालो के द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम 4:30 बजे किया जाएगा। इस भागवत कथा का समापन 24 मई को विधिवत पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ्ज्ञ किया जाएगा। गौ सेवा संघ सहित गौ सेवको ने धर्मप्रेमी लोगो से कथा स्थल पर आकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

### विश्व डेंगू दिवस पर श्योपुर जिले में जन-जागरुकता गतिविधियों का आयोजित

# डेंगू और मलेरिया जानलेवा और संक्रमित लेकिन इसे रोकना संभवः बिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



डेंगू और मलेरिया जानलेवा हैं लेकिन थोड़ी जागरूकता के साथ इसके फैलाव को रोककर हम होने वाली मौतों पर काबू पा सकते हैं. और जागरूकता फैलाने में आशा कार्यकर्ता मुख्य भूमिका अदा कर सकती हैं. यह बात शनिवार को विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल ने कही.

जिला चिकित्सालय श्योपुर सहित विकासखंड विजयपुर, कराहल एवं बड़ौदा (श्योपुर) के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यशालाएं, हस्ताक्षर अभियान, डेंगू से बचाव एवं रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा पंपलेट वितरण आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जिला चिकित्सालय श्योपुर में आयोजित कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एस.एन. बिंदल द्वारा डेंगू के बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.बी. गोयल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एन. सक्सेना, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.के. गोयल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. यतेन्द्र सिंह रावत सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

# सोसायटी की जर्जर बिल्डिंग ग्राम पंचायत ने गिराई, एसडीएम ने रुकवाया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ग्राम सोंईकलां में सोसायटी की जर्जर बिल्डिंग को ग्राम पंचायत ने शनिवार को जेसीबी के जरिए गिरा दिया। बिल्डिंग गिराने पर सहकारिता विभाग ने आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद एसडीएम श्योपुर ने फिलहाल काम को रूकवाते हुए दोनो विभागो से जरूरी दस्तावेज मांगे है।

हालांकि ग्राम पंचायत का तर्क है कि बिल्डिंग जर्जर थी,जिसके गिरने से कोई हादसा भी घटित हो सकता था,इसलिए इस बिल्डिंग के गिराने की कार्रवाई प्रशासन से विधिवत अनुमति लेकर की गई है। लेकिन सहकारिता विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिल्डिंग हमारी है। जिसे गिराने की कार्रवाई हमारा विभाग करेगा न कि अन्य कोई विभाग।

इस संबंध में एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा का कहना है कि फिलहाल काम को रूकवा दिया है और सोमवार तक दोनो विभागो से बिल्डिंग संबंधी जरूरी दस्तावेज मांगे गए है। दस्तावेजो का परीक्षण किए जाने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। तभी इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कृषि रथों को दिखाई हरीझंडी जागरुकता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, इसी क्रम में श्योपुर जिले में किसानों को कृषि संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से तीनों विकासखण्डों में कृषि रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान की शुरूआत शनिवार से की गई।

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से तीन कृषि रथो को विकासखण्ड क्षेत्र के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति गिरधारी बैरवा, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ लाखन सिंह गुर्जर, सहायक संचालक कृषि, मुनेश कुमार शाक्य, एडीओ अरूण कुमार शाक्य आदि उपस्थित रहें।

उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि जिले के तीनो विकास खण्डों में एक-एक कृषि रथ का संचालन किया जायेगा। यह रथ आज 16 मई से 25 मई तक विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामों में जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देने, विभागीय कृषि योजनाओं के प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, पराली प्रबंधन आदि विषयों के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से किसानों को जानकारियों प्रदान की जायेगी। इन रथों के साथ कृषि विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि वैज्ञानिक, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग के अधिकारी तकनीकी दल के रूप में रहेंगे, जिनके द्वारा ग्रामों में कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि एवं उन्नत तकनीकी सहित अन्य जानकारियों प्रदान की जायेगी।

# सावित्रियों ने श्रद्धा से पूजे वटवृक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शनिवार को श्री शनिश्चरी अमावस्या के साथ वट सावित्री व्रत एवं पूजन पर्व का संयोग बना। इस अवसर पर जहां भक्तों ने शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए पारंपरिक उपक्रम किए वही सुहागिन महिलाओं ने अटल सुहाग की कामना के साथ चिरकालिक परंपराओं का निर्वाह किया। सौभाग्यवती महिलाओं ने श्रद्धा भाव से वट सावित्री व्रत एवं पूजन पर्व मनाते हुए निर्जल उपवास भी किया। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को महासती सावित्री के सतीत्वए साहस व संघर्ष के प्रति समर्पित यह लोक पर्व आस्था व उल्लास का विषय बना रहा। इस पर्व पर बरगद के वृक्ष अथवा शाखाओं का पूजन करने के दृश्य लगातार सामने आते रहे। किला रोड स्थित गुर्जर गोड़ धर्मशालाए श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर परिसरए श्री रामतलाई मंदिर परिसरए श्री हज़ारेश्वर पार्क आदि स्थानों पर दिन भर सुहागिने बरगद की पूजा करने पहुंचती दिखाई पड़ीण वहीं कुछ सुहागिननों ने घरों पर भी मंदिर के बीच बरगद की शाखाओं को सजाकर पूजन कियाण

# रविवार को कोर्ट, कलेक्ट्रेट फीडर से बंद रहेगी बिजली

**श्योपुर**। 11 केव्ही एवं 33 केव्ही फीडरो पर लाइन मेंटेनेस के चलते रविवार 17 मई को कोर्ट एवं कलेक्ट्रेट फीडर से सुबह 07 बजे से 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 17 मई रविवार को कोर्ट एवं कलेक्ट्रेट फीडर से प्रातः 07 बजे से प्रातः 11 बजे तक विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके चलते गिट्टी क्रेशर, अस्पताल क्षेत्र, स्टेडियम क्षेत्र, ढेगदा, इको सेंटर, जिला पंचायत क्षेत्र, न्यायालय मजिस्ट्रेट कॉलोनी एवं शिवपुरी रोड श्योपुर पर विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी।

# आज हज को रवाना होगा शहर से हाजियों का अंतिम जत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर से हाजियों का अंतिम जत्था रविवार को श्योपुर से रवाना होगा. इसके साथ ही कुल 43 हाजी हज के लिए मक्का मदीना पहुंच जाएंगे. ज्ञात हो कि अभी तक 38 हाजी सऊदी अरब पहुंच चुके हैं जो मक्का मदीना की जियारत और इबादत कर रहे हैं. जो पांच हाजी रह गए हैं उनका चयन शॉर्ट हज के लिए हुआ है इसलिए वह 44 दिनों के बजाय 20 दिन की यात्रा करने रविवार को सऊदी के लिए श्योपुर से रवाना होंगे.

वैसे तो अधिकतर हाजियों को मक्का मदीना पहुंचे एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत गया है लेकिन पांच हाजी जिनमे वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष काजी असदुल्लाह कुरैशी उनके पिता काजी अजिजुल्ला कुरैशी, काजी असद की मां, समाज सेवी हाफ़िज़ शहजाद एवं उनकी पत्नी शामिल है. इस बार केंद्रीय हज कमेटी ने पहली बार शॉर्ट हज का प्रयोग किया है दरअसल हज के जो फराइज अदा करने होते हैं वह करीब 7 दिन में पूरे होते हैं और यह 7 दिन हज के अंतिम दिनों में होते हैं लेकिन मुस्लिम समाज के लोग इस मुकद्दस सफर में अधिक से अधिक दिन रहकर इबादत करना चाहते हैं इसलिए हज 40 से 44 दोनों का होता है पर जो लोग कम दिन रहना चाहते हैं उनके लिए हज कमेटी ने इस बार शॉर्ट हज की प्लानिंग की है जिसमें पांच लोगों का चैन हुआ था वह 17 मई को श्योपुर से रवाना होंगे और 20 मई को मुंबई से मक्का मदीना के लिए परवाज करेंगे. हाजियों का उनके घर पहुंच कर उनके रिश्तेदारों मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा स्वागत सत्कार करने का सिलसिला जारी है.

### जिले में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 20 से पहले पूर्ण होने की उम्मीद

# श्योपुर में सबसे पहले बड़ौदा नगर परिषद ने पूरा किया जनगणना का प्रथम चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

नगर परिषद बडौदा श्योपुर जिले का ऐसी पहला नगरीय क्षेत्र में बन गया है, जहां सबसे पहले जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 100 प्रतिशत कंपलीट कर लिया है। हालांकि जिस तरह से जिले में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य चल रहा है,उसे देखकर यह कार्य 20 मई से पहले ही पूर्ण होने की उम्मीद लग रही है। लेकिन जिले में सबसे पहले जनगणना का कार्य पूर्ण करने के मामले में नगर परिषद बडौदा ने बाजी मार ली है। ऐसे में बडौदा नगरीय क्षेत्र में जो कर्मचारी जनगणना कार्य में लगे हुए थे,उनमें खुशी की लहर व्याप्त हो गई है। उधर जनगणना कार्य में लगे जिले के अफसर भी तय समय सीमा से पहले ही जनगणना का कार्य पूरे होने की उम्मीद से उत्साहित दिखाई पड रहे है।

यहां बता दें कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य श्योपुर जिले में एक मई से आरंभ हुआ था। प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का काम पूर्ण किया जाना है और जनगणना के प्रथम चरण के लिए श्योपुर जिले में 8 जनगणना चार्ज आफिसर बनाते हुए पूरे जिले को 1379 एचएलबी में विभाजित किया गया और कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में सभी नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों ने पूरी सक्रियता के साथ जनगणना के काम को शुरू कर दिया।



#### पूरे जिले में 90 प्रतिशत हो चुका काम

दरअसल जनगणना के प्रथम चरण के लिए श्योपुर जिले में 8 जनगणना चार्ज आफिसर क्षेत्र में बनाए गए है। जिनमें नगर परिषद बडौदा,बडौदा ग्रामीण, नगर परिषद विजयपुर, विजयपुर ग्रामीण, वीरपुर, श्योपुर नगर पालिका, श्योपुर ग्रामीण, कराहल शामिल है। जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों की माने तो सभी जनगणना चार्ज आफिसर क्षेत्रो में 90 प्रतिशत काम कंपलीट हो चुका है। जिसके चलते उम्मीद बंध गई है कि 20 मई तक पूरे जिले में जनगणना कार्य कंपलीट हो जाएगा।

#### बड़ौदा में बनाई 36 एचएलबी, सबसे पहले 100 प्रतिशत काम

जिले में जनगणना को पूर्ण करने के लिए बडौदा नगर परिषद को भी जनगणना चार्ज आफिसर क्षेत्र निर्धारित कर पूरे बडौदा नगर में 36 एचएलबी बनाई गई। सभी एचएलबी में निर्धारित कर्मचारियों ने एक मई से मकान सूचीकरण और गणना का काम शुरू कर दिया। बडौदा की सभी 36 एचएलबी में 15 मई तक मकान सूचीकरण और मकान गणना का काम पूरा कर लिया गया है। जिसके चलते बडौदा नगर परिषद जनगणना के प्रथम चरण के काम को श्योपुर जिले में सबसे पहले पूरा करने वाली नगर परिषद बन गई है।

#### कहां कितना हो गया काम?

| चार्ज नंबर | कुल एचएलबी | कंपलीट |
|---|---|---|
| विजयपुर ग्रामीण | 266 | 238 |
| नप विजयपुर | 33 | 29 |
| वीरपुर | 178 | 170 |
| नपा श्योपुर | 140 | 133 |
| श्योपुर ग्रामीण | 349 | 316 |
| बडौदा ग्रामीण | 167 | 160 |
| नप बडौदा | 36 | 36 |
| कराहल | 210 | 163 |
| कुल | 1379 | 1245 |


#### इनका कहना...

बडौदा नगर परिषद क्षेत्र में बनी 36 एचएलबी में सबसे पहले जनगणना कार्य पूर्ण हो गया है। पूरे जिले में जनगणना कार्य 20 मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य लिया गया है और 20 मई तक यह काम जिले में हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा।

गिर्राज शर्मा
अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी,श्योपुर

# 19 दिन से लापता किशोरी कराहल के बस स्टैंड पर मिली, बोली-भैया भाभी से हुई थी कहासुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



आवदा थाना क्षेत्र के ग्राम सरजपुरा बछेरी से करीब 19 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हुई किशोरी को आवदा थाना पुलिस ने कराहल स्थित बस स्टैंड से दस्त्याब कर लिया।

किशोरी के अपहरण होने की एफआईआर आवदा थाने में दर्ज थी। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ के दौरान किशोरी ने अपहरण किए जाने की बात से साफ इनकार करते हुए कहा कि वह भैया भाभी से कहासुनी होने पर नाराज होकर आ गई थी। पुलिस के मुताबिक ग्राम सरजपुरा बछेरी निवासी 16 वर्षीय किशोरी भूरी आदिवासी 27 अप्रैल की रात्रि के दौरान अपने घर से अचानक लापता हो गई। जिसकी रिपोर्ट परिजनो ने आवदा थाने में दर्ज कराते हुए उसका अपहरण होने का अंदेशा जाहिर किया।

इसके बाद आवदा थाना पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी। आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि शनिवार को किशोरी को कराहल स्थित बस स्टैंड से सकुशल बरामद कर लिया है। पूछताछ के दौरान किशोरी ने भैया भाभी से नाराज होकर घर से बिना बताए निकल आने की बात बताई। किशोरी को न्यायालय में प्रस्तुत करके उसके बयान होंगे।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने सोनाखेडी निवासी सविता आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने गुडाटांका निवासी बृजेश आदिवासी के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की शाढ़ौरा थाने की पुलिस ने विजय कुशवाह निवासी सतउखेडी के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने रामकृष्ण केवट निवासी नहर कॉलोनी के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत 24 अप्रेल को दुर्गा कॉलोनी अशोकनगर निवासी यश रघुवंशी पुत्र सोनू रघुवंशी उम्र 20 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था जहां उसकी मौत हो गई थी। उक्त मामले की जांच उप निरीक्षण जंग बहादुर सिंह तोमर द्वारा की जा रही थी, जांच के बाद पुलिस ने रामकुमार रघुवंशी निवासी महिदपुर, संगीता रघुवंशी निवासी जेल के पास अशोकनगर, बासू महाराज निवासी दुवे कॉलोनी, सूरज रघुवंशी निवासी त्रिलोकपुरी कॉलोनी, पर मामला दर्ज किया गया है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी पुरूषोत्तम पुत्र बाबूलाल आदिवासी उम्र 45 साल को बिजली का करंट लग गया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए लाया गया जहां उपचार के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### छैःघरा और नौःघरा कॉलोनी में विधुत प्रदाय प्रभावित रहेगा

**अशोकनगर।** विधुत वितरण कंपनी के अशोकनगर 33/11 शंकरपुर विधुत उपकेन्द्र से संबंधित फीडर के अंतर्गत छैलाबाग और नौ घरा कॉलोनी में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विधुत प्रदाय बंद रहेगा। कंपनी द्वारा यहां लाईनों का रख रखाव का कार्य किया जा रहा है।

### सुरेल में जनसुनवाई का आयोजन संपन्न हुआ

**पिपरई।** शुक्रवार को विधायक बृजेंद्र सिंह यादव पूर्व राज्य मंत्री के निज निवास पर जनसुनवाई हुई। इस सुनवाई में क्षेत्र आम जन अपनी समस्याओं को लेकर के पास पहुंचे। और उनको अपनी समस्याओं से अवगत करा कर उनसे कहा गया कि हमारी समस्याओं का समाधान अति शीघ्र करवाया जाए। तो उन्होंने कहां कि मैं तो जनता का सेवक हूं जनता की सेवा करना ही मेरा सर्वप्रथम लक्ष्य है। अगर मेरी जनता परेशान हुई तो समझो मैं परेशान हूं। विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकड़ ने बताया कि आज जितने भी समक्ष आवेदन प्रस्तुत हुए। उन सभी आवेदन का निराकरण मौके पर ही करवाया। मौजूद सभी जनता ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

### 2 उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित

**अशोकनगर।** शासन द्वारा ई-विकास पोर्टल से ई-टोकन जनरेट करके कृषकों को उर्वरक वितरण की व्यवस्था की गई है। मेसर्स मधुवन कीटनाशक एवं कृषि सेवा केन्द्र कदवाया रोड़ ईसागढ़ एवं मेसर्स जैन कृषि सेवा केन्द्र बंगला चैराहा विकासखण्ड मुंगावली द्वारा कृषकों के ई-टोकन जनरेट होने के बाद भी उर्वरक प्रदाय करने से मना कर उर्वरक प्रदाय नहीं किया गया है। उर्वरक विक्रेताओं का यह कृत्य उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 19 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में निहित प्रावधानों के उल्लंघन पाये जाने के कारण अनुज्ञापन अधिकारी एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला अशोकनगर द्वारा दोनों उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक लायसेंस निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

---

#### प्रधानमंत्री के संदेश के बाद अफसरों में दिखा असर

# कलेक्टर और नपा अध्यक्ष साइकिल के बाद ई-ऑटो रिक्शा में सवार होकर निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर पर्यावरण सरंक्षण,स्वच्छ ऊर्जा तथा डीजल-पट्रोल की बचत को बढावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहर में दो बड़े परिवर्तन नजर आए। पहले परिवर्तन के रूप में कलेक्टर साकेत मालवीय और नगर पालिका अध्यक्ष पहले साईकिलों पर बैठकर निकले और बाद में ई-रिक्सा का सहारा लिया।

यह संदेश अशोकनगर शहर के उन तमाम नेताओं, अधिकारियों और आमजनों के लिए महत्वपूर्ण था जो प्रतिदिन हर रोज बिना जरूरत के भी पेट्रोल और डीजल का दुरूपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का यह आहवान एक राजनैतिक संदेश नहीं है अपितु प्रत्येक नागरिक के लिए एक जिम्मेदारी का संदेश हैं, यह संदेश हमें इस बात की याद दिलाता है कि राष्ट्र का निर्माण सरकारों से नहीं होता, अपितु वोकल फोर लोकल जैसे मुददों से होता है। उनका यह आवाहन हमें यह सिखाता है कि देश का भविष्य केवल नीतियों से नहीं बल्कि नागरिकों की सोच और सहभागिता से तय होता है, अगर सहभागिता का हिस्सा सब बने तो उसके परिणाम भी सार्थक आते हैं।

इसी आवाहन के बाद कलेक्टर साकेत मालवीय सुबह साइकिल पर सवार होकर निकले उन्होंने साईकिल से पहुंचकर आयोजित योग स्थल पर योग किया। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिवस जिले के अधिकारीगण सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करेगें। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में भी इलेक्ट्रिकल वाहन के उपयोग करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अत्याधिक आवश्यकता होने पर ही डीजल-पेट्रोल वाहनों का उपयोग करें। जिसके बाद वह ई रिक्सा में बैठकर जाते हुए देखे गए।

### पाइपलाइन और मुक्तिधाम कार्यों को देखने ई-रिक्सा से पहुंचे



निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष सबसे पहले शंकर कॉलोनी पहुंचे, जहां पाइपलाइन डालने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता को लेकर उपयंत्री को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा। इसके पश्चात वे ई-रिक्शा से ही मुक्तिधाम पहुंचे, जहां चल रहे जीर्णोद्धार (नवीनीकरण) कार्यों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के मिशन लाइफ और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराते हुए आज मैंने साइकिल और ई-रिक्शा का उपयोग किया। हमारा उद्देश्य न केवल शहर का विकास करना है, बल्कि प्रदूषण मुक्त भविष्य की ओर कदम बढ़ाना भी है।

### नपा अध्यक्ष साईकिल पर पार्षदों के साथ निकले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण बचाओ और स्वस्थ भारत के आह्वान को जमीनी स्तर पर उतारते हुए आज नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एक अलग ही अंदाज में नजर आए। नीरज मानोरिया, पार्षद विपिन शिवहरे, सतपाल लोधी, गोपाल ओझा के साथ सुबह अपने निवास से साइकिल चलाकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जिसे देखकर कर्मचारी और नागरिक सुखद आश्चर्य चकित रह गए। ई-रिक्शा से फील्ड विजिट अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे वार्डों में दफ्तर पहुंचने के बाद मनोरिया ने विलासिता और सरकारी वाहनों का मोह त्याग कर सादगी की मिसाल पेश की। वे नगर पालिका उपयंत्री भानू कुशवाहा एवं अन्य स्टाफ सदस्यों को साथ लेकर ई-रिक्शा में सवार हुए और शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने निकल पड़े।

### मुख्य आकर्षण

साइकिल यात्रा ईंधन की बचत और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश। ई-रिक्शा का प्रयोग संकरी गलियों में सुलभ पहुंच और ईको-फ्रेंडली यातायात को बढ़ावा। मौके पर निर्देश पाइपलाइन और मुक्तिधाम कार्यों में तेजी लाने के आदेश। इस पहल की शहर में काफी सराहना हो रही है, क्योंकि एक जन प्रतिनिधि का इस तरह सादगी से जनता के बीच पहुंचना अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी है। शहर के कलेक्टर और नगरपालिका अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के आवाहन के बाद जो संदेश दिया है, उसे शहर के नागरिक भी करने के लिए आगे आएं। क्यो न एक दिन शहर में इसी बात के लिए तय किया जाए कि लोग साईकिल पर बैठकर निकले, भले ही वह कुछ घण्टों के लिए क्यों न हो, कुछ लोग चाहे तो ई रिक्सा में भी चल सकते हैं, जिनके पास इलेक्ट्रिक वाहन है वह उनका भी उपयोग कर सकते हैं, अगर पैदल चलने में भी लोग सहायक है तो इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पूर्व सांसद और नागरिक आर्पूति विभाग के अध्यक्ष डॉ. केपी यादव अशोकनगर से प्रधानमंत्री के आवाहन के बाद ट्रेन में बैठकर मुंगावली पहुंचे।

---



# शनिश्चरी अमावस्या पर उमड़ा भक्तों की अस्था का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

इस बार शनिवार को ही पड़ रही है शनिश्चरी अमावस्या, चंदेरी में शनिश्चरी अमावस्या पर मेले का आयोजन हागा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं पहुंचें।

कहा जाता है कि सोलहवीं शताब्दी के आरंभिक समय में चंदेरी एक समृद्ध और प्रसिद्ध नगर था। उस समय के राजा ने प्रजा की सुविधा और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चंदेरी में एक बड़े हाट बाजार लगाने का आदेश दिया। हर सप्ताह आसपास के गांवों से किसान, कारीगर और व्यापारी अपने-अपने सामान लेकर इस हाट में आते थे। यहां दूर-दूर से लोग खरीदारी करने भी पहुंचते थे।

**चंदेरी में शनिश्चरी अमावस्या पर मेले का आयोजन**

राजा की एक विशेष परंपरा भी थी। हाट खत्म होने के बाद यदि किसी व्यापारी का सामान बिक नहीं पाता था, तो उसे निराश होकर वापस न जाना पड़े इसलिए जो सामान बच जाता था, उसे राजा स्वयं खरीद लेते थे। एक दिन उसी हाट में एक मूर्तिकार बड़ी श्रद्धा से नवग्रह की सुंदर मूर्तियां बनाकर लेकर आया। उन मूर्तियों में सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, राहु, केतु के साथ शनि देव की मूर्ति भी थी। लोग बाकी मूर्तियां तो खरीदते गए, परंतु शनि देव की मूर्ति को लेने से सभी कतराने लगे। लोगों को भय था कि कहीं शनि की मूर्ति घर ले जाने से कष्ट न आ जाए। दिन ढल गया और हाट समाप्त हो गया। परंपरा के अनुसार अब उस मूर्ति को राजा को खरीदना था। राजा ने भी सोचा कि प्रथा निभानी चाहिए, लेकिन शनि की मूर्ति को महल में ले जाना उन्हें उचित नहीं लगा। काफी विचार करने के बाद राजा ने एक निर्णय लिया।

राजा ने उसी स्थान पर शनि देव की मूर्ति स्थापित करवा दी और वहां एक छोटा सा मंदिर बनवा दिया। धीरे-धीरे यह स्थान श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन गया। समय के साथ हाट बाजार चंदेरी में किसी दूसरे स्थान पर लगने लगा, लेकिन उस स्थान की महिमा बनी रही। लोगों की आस्था बढ़ती गई और वहां हर शनिश्चरी अमावस्या को मेला लगने लगा। आज भी इस दिन दूर-दूर के गांवों और शहरों से हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं। वे शनि देव की पूजा करते हैं, यज्ञ और दान करते हैं, और अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं। एक विशेष मान्यता के अनुसार लोग अपने पुराने वस्त्र और जूते वहीं छोड़कर चले जाते हैं, यह विश्वास करते हुए कि उनके कष्ट और व्याधियां भी वहीं छूट जाएंगी। इस प्रकार सैकड़ों वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी चंदेरी की आस्था और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।

---

# राजस्व संबंधी सेवाएं सरल एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिले के नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं सरल एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस हेतु राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निपटारा समय सीमा में करें।

इस आशय के निर्देश कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, अविवादित प्रकरणों के निराकरण, भू-अभिलेख सुधार तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी ली।

**आम नागरिक छोटे छोटे राजस्व कार्यों के लिए चक्कर न कांटे** उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को छोटे-छोटे राजस्व कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर किसानों, ग्रामीणों और आम नागरिकों से जुड़ा विभाग है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

**सीमांकन और बटवारे के प्रकरणों में शीघ्रता लाई जाए** विशेष रूप से नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा जैसे प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को नियमित रूप से राजस्व न्यायालय लगाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

**वर्षा काल से पूर्व राजस्व अधिकारी ग्रामीण अचंलों का भ्रमण करें** बैठक में कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षाकाल से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र में ग्रामों का भ्रमण कर ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया जायें, जहां जल भराव की स्थिति निर्मित होती आई है। ऐसे स्थानों पर जल निकासी की उचित व्यवस्थाएं कराई जायें, अपने-अपने राजस्व क्षेत्र में पंचायतों से समन्वय कर नालों की साफ-सफाई तथा जल निकासी के प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आर.बी.सिण्डोस्कर सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर से सहायक निदेशक जनगणना संभाग प्रभारी ने की भेंट



**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय से शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में सहायक निदेशक जनगणना संभाग प्रभारी प्रेमा नायर ने जनगणना 2027 हेतु प्रथम चरण में मकान सूचीकरण जनगणना के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। सहायक निदेशक नायर द्वारा चंदेरी एवं प्राणपुर का भ्रमण कर जनगणना कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संतोष व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में मकान सूचीकरण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करा लिया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,जिला प्रभारी जनगणना जमील खान उपस्थित रहे।

---

#### लोकार्पण कईं दशक बीत जाने पर भी न होने पर आश्चर्य जताया

# जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के राज्य मंत्री ने राजघाट बांध का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



चंदेरी के प्रवास पर पधारे जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार में राज्य मंत्री डॉ राजभूषण चैधरी निषाद के समक्ष,चंदेरी के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ योगेश मिश्रा एवं ग्राम मुरादपुर तहसील चंदेरी के सरपंच मुकेश रैकवार द्वारा जब राजघाट बांध के लोकार्पण एवं सौंदर्यकरण नहीं होने के संबंध में दस्तावेजी प्रमाण के साथ मांग पत्र प्रस्तुत किया गया, तब मंत्री डॉ निषाद ने समस्त दस्तावेजों को देखने के पश्चात यह आश्वासन दिया है कि, वह दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय जल आयोग (सीडब्लूसी) के अध्यक्ष से बात करेंगे और इस पर शीघ्र अति शीघ्र कार्रवाई किए जाने का निर्देश भी जारी करेंगे।

डॉ राज भूषण चैधरी निषाद राज मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से जब यह आग्रह किया कि, राजघाट बांध का अवलोकन करने का वे कष्ट करें तब उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार कर राज्य मंत्री राजघाट बांध पहुंचे और उन्होंने बांध की विशालता एवं इसके विस्तार तथा लोकार्पण तथा सौंदर्यकरण के संबंध में वास्तविक स्थिति को स्थल निरीक्षण पर जाना।

### बेतवा रिवर बोर्ड के अधिकारियों ने अवगत कराया

बेतवा रिवर बोर्ड के अधिकारी सुमित पंजवानी वहां उपस्थित थे जिनके द्वारा राज्य मंत्री को यह अवगत कराया गया कि, अभी तक इसका लोकार्पण एवं सौंदर्यकरण नहीं हुआ है, इसके हो जाने से जल शक्ति मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं का लाभ राजघाट बांध को मिलना प्रारंभ हो जाएगा और इसके सौंदर्य कर हो जाने पर और लोकार्पण संपन्न होने के पश्चात राजघाट बांध पर्यटन के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्थल बन जाएगा। जिस पर राज्य मंत्री डॉ निषाद ने करवाई के लिए उन्हें आश्वस्त किया और यह विश्वास दिलाया कि, इस संबंध में दिल्ली स्थित मंत्रालय के अधिकारियों को समुचित आदेश एवं निर्देश जारी करेंगे।

### चंदेरी के निवासियों ने दिल्ली मुख्यालय पर मिलने की स्वीकृति मांगी

राज्य मंत्री डॉ निषाद से दिल्ली स्थित जलशक्ति मंत्रालय में भेंट करने की अनुमति मांगने पर उन्होंने स्वीकृति प्रदान की और मंत्रालय में आने के लिए बोला और यह भी बताया कि जब मंत्रालय में इस संबंध में अधिकारियों से स्पष्ट चर्चा होगी तो और स्थिति स्पष्ट होकर लोकार्पण के संबंध में समुचित कार्रवाई के निर्देश एवं आदेश जारी किए जाएंगे।

राजघाट बांध जो अब महारानी लक्ष्मीबाई सागर परियोजना के नाम से जाना जाता है यह उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश का संयुक्त उपक्रम है। इसके निर्माण पश्चात वर्ष 2005 से इसका संचालन हो रहा है, परंतु अभी तक इस राजघाट बांध का लोकार्पण एवं सौंदर्यकरण नहीं हो पाया है। 30 अप्रैल 2015 में हुई बेतवा रिवर बोर्ड की 15वीं विशेष बैठक में दोनों राज्यों ने यह सहमति व्यक्ति थी कि, वह लोकार्पण के लिए तैयार हैं और उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के अपने अपने क्षेत्र में सौंदर्यकरण की कार्रवाई करेंगे। परंतु वर्षों व्यतीत हो जाने के पश्चात भी राजघाट बांध के लोकार्पण एवं सौंदर्यकरण की कार्रवाई अभी तक संपन्न नहीं हो पाई है।

### ताकबंदी तालाब का जीणोद्धार कराया जाएगा

ग्राम मुरादपुर तहसील चंदेरी के सरपंच मुकेश रैकवार के द्वारा मुरादपुर में स्थित ताकबंदी तालाब जो लगभग 400 वर्ष से अधिक पुराना है के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्य करण के संबंध में राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार डॉ राजभूषण निषाद को जब अवगत कराया गया तब उनके द्वारा इस ताकबंदी तालाब का जीणोद्धार कराये जाने के संबंध में समुचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया है।

केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ राज भूषण निषाद द्वारा चंदेरी में केवट जयंती के कार्यक्रम को संबोधित किया गया एवं केवट समाज जनों को अपना प्रभावशाली उद्बोधन देकर केवट समाज में जन चेतना बढ़ाए जाने के बारे में बताया।

---

#### भव्य शोभायात्रा के साथ मुनि श्री ने किया बहादुर पुर में मंगल प्रवेश

# कहते नदी हैं बहती, सत्य यह है कि नदी तो वहीं रहती है जल बहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ `अशोकनगर

लोग कहते नदी बहती है सत्य यह है कि नदी तो वहीं रहती है जल बहता है नदी ने जल को बहाया या जल दो किनारों का साथ लेकर आगे बढ़ते चला गया। नदी के दो किनारे होते हैं मिलते नहीं है मिलकर कार्य करते हैं बिना किनारे के जल वह नहीं सकता और जल बहेगा तो नदी बन नहीं सकती। ऐसे ही इस सांसारिक जीवन का भी हाल है। जीव का स्वभाव नदी के समान है नदी न जाने अभी तक कितना वह चुकी होगी लेकिन आज भी नदी बहती हुई कह लाती है।

यह बात मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने बहादुरपुर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अपनी जिंदगी में बाढ़ का पानी कटाव को पैदा करता है यही से ही तुम्हारे जीवन में जब दुख रूपी कटाव आता है तो वह भी निकल जाता है। यदि तुम्हारे जीवन में संकट आ गया तो उसमें ज्यादा मत उलझो बस इतना सा मानों कि उसे रास्ता मानकर पार कर दूंगा। तुम्हारे लिए कौन सा सुख मिल रहा है जो होगा देखा जायेगा, विचार करो जो आप का दैनिक जीवन है उसको कैसे जीना है। बहती हुए नदी बुरी नहीं लगती।

### 12 मासी नालों से नदी प्रदूशित होती है हम चाहे तो बचा सकते हैं

धर्म सभा में मुनिश्री ने कहा कि बाड़ के समय मन घबराता है बाढ का पानी प्रदुषण नहीं फैलाता जो आठ महीने पानी बहता है उसे नदी से लगने वाले नाले व पास में रहने वाले लोग प्रदुषण फैलाते हैं। इसी प्रकार संसार की बड़ी भारी विपत्ति व्यक्ति के जीवन को हिला नहीं सकती है लेकिन हमें दैन दनी जीवन हमें प्रदूषित कर रहा है इसे सुधारने की आवश्यकता है। हम चाहे तो नदी को प्रदूषण मुक्त कर सकते हैं अपने जीवन में आ रहे अनावश्यक प्रदूषण से बचा सकते हैं बचाना ही चाहिए।




### 35 वर्षो के बाद हो रहा है गुरु देव का नगर प्रवेश

सभा का संचालन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि पैंतीस वर्ष पूर्व जब गुरु देव राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज का संघ यहां आया था तब भी बहादुरपुर नदी के कारण चर्चित था आज भी नदी के पहले घाट से भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ है। अब तक नदी में बहुत जल प्रवाहित हो चुका है आज गुरु देव का विशाल संघ नगर गौरव पीयूष भैया के साथ आया है जो पूना में बड़ी कम्पनी का जॉव छोड़ कर मोक्षमार्गी बनकर पहली बार अपने गृह नगर आ रहे हैं। पूरे नगर को तोरणद्वार व चांदनी रांगोली से सजाकर सभी अपने गुरु वर के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त कर रहे थे। सौरव जैन ने कहा कि वर्षो से हम प्रयास कर रहे लेकिन हमारे नगर गौरव पीयूष भइया की तपस्या आज परम पूज्य के चरणों को यहां तक लेकर आई है।

### भव्य शोभायात्रा के साथ मुनि संघ का हुआ मंगल प्रवेश

इसके पहले परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज का नगर पदार्पण उपरांत आचार्य श्री विद्यासागर भवन में धर्म सभा का आयोजन किया गया। जहां मंगलगान श्रमण संस्कृति संस्थान जयपुर की स्नातक बिटिया दारा किया गया। परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य बाल ब्रह्मचारी पीयूष भइया के परिवार जन संजीव कुमार राजीव कुमार वाझल परिवार को मिला। वहीं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य भी वाझल परिवार वहादुरपुर ने ही प्राप्त किया ।